卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 348 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦26 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# लंदन में छा गये सीएम धामी

## प्रवासी उत्तराखण्ड के लोगों ने पारंपरिक लोकगीतों के साथ किया भव्य स्वागत

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड के युवा सीएम पुष्कर सिंह धामी के चाहने वालों की विदेश में भी कमी नहीं हैं। लंदन पहुंचने पर सीएम धामी का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। उत्तराखण्ड के प्रवासी लोगों ने सीएम के स्वागत में भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रवासियों द्वारा गढ़वाली, कुमाऊँनी, जौनसारी लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। शानदार स्वागत से मुख्यमंत्री धामी गदगद हो गये। बता दें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए लंदन पहुंचे हैं। सीएम के स्वागत के लिए लंदन में विशेष तैयारियां की गयी थी। इस मौके पर उत्तराखंड के प्रवासियों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ सीएम का भव्य स्वागत किया। प्रवासी उत्तराखंडियों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, जौनसारी लोकगीतों पर मनमोहन प्रस्तुति दी। स्वागत कार्यक्रम में मौजूद समस्त प्रवासी भारतीय उत्तराखंड के पारंपरिक परिधानों में नजर आए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने लंदन में रह रहे समस्त प्रवासी उत्तराखंड के लोगों का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि उत्तराखंड के मुख्य सेवक के रूप में मुझे इन्वेस्टर समिट की बैठक में शामिल होने के लिए लंदन आने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा लंदन में उत्तराखंड के लोगों को इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित देखकर यह प्रतीत हो रहा है कि यूके में भी छोटा उत्तराखंड बसता है। कहा कि उत्तराखंड देवभूमि होने के साथ ही योग और अध्यात्म की भूमि है। उत्तराखंड देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। सीएम ने धार्मिक पर्यटन,अध्यात्म, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और (शेष पृष्ठ 7 पर)



### बर्मिंघम में कल होगा सीएम का रोड शो

देहरादून। वैश्विक निवेशक सम्मेलन के लिए लंदन में पहला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोड शो होगा। प्रदेश सरकार राज्य में पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण और शिक्षा क्षेत्र में निवेश करने के लिए निवेशकों को प्रोत्साहित करेगी। दिसंबर में प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन में प्रदेश सरकार ने 2.50 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य रखा है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोड शो में प्रदेश सरकार निवेशकों को औद्योगिक नीतियों में दी जाने वाली वित्तीय सुविधा और निवेश संभावनाओं पर प्रोत्साहित करेगी। आज मुख्यमंत्री धामी का लंदन में निवेशकों से संवाद का कार्यक्रम है। जबकि 27 सितंबर को बर्मिंघम में रोड शो होगा। बता दें कि लंदन के बाद अक्तूबर माह में सिंगापुर, ताइवान, दुबई में अंतरराष्ट्रीय रोड शो होंगे।








## हत्याकांड के खुलासे को कोतवाल का घेराव

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बिलासपुर क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी युवक की हत्या के खुलासे को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में लोगों ने कोतवाल का घेराव किया। कोतवाल ने मामले का शीघ्र खुलासा करने का आश्वासन दिया है। बता दें सुभाष नगर बिलासपुर रामपुर निवासी अमित वर्मा का 18 वर्षीय पुत्र अरूण वर्मा बाइक लेकर अपने चार दोस्तों के साथ घर से निकला था। लेकिन वह देर रात तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने उसके मोबाइल पर कॉल की तो नंबर बंद मिला। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी थी। सोमवार को परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान पता चला कि एमेनिटी स्कूल के पास हाइवे से लगे जंगल में अक्सर नशेड़ी बैठे रहते हैं। आशंका जताई कि अरूण वहां हो सकता है। परिवार के लोग उसे खोजते हुए जंगल में पहुंच गए। जहां उन्हें एक टूटी हुई हॉकी मिली। कुछ आगे जाने पर अरूण की खून से लथपथ लाश दिखाई दी। यह देख उनके होश उड़ गए।इसकी सूचना पुलिस को दी गयी। मौके पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी अनुषा बड़ोला, एसएसआइ कमाल खान, एसएसआइ अर्जुन गिरी, एसआइ मुकेश मिश्रा पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हॉकी स्टीक कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्यारोपी मृतक की बाइक और उसके भाई का मोबाइल भी ले गए हैं। फिल्हाल पुलिस ने मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। अरूण के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में सुभाष नगर गांव के तमाम लोग कोतवाली पहुंचे और कोतवाल विक्रम राठौर का घेराव किया। इस दौरान कोतवाल ने कहा कि अरुणके हत्याकांड में शामिल आरोपी बचेंगे नहीं। पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)



## सिडकुलकर्मी की संदिग्ध मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला शिवनगर में सिडकुल में कार्यरत एक श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मौहल्ला शिवनगर निवासी 36 वर्षीय पुत्र लक्ष्मीशंकर परिवार के साथ रहकर सिडकुल स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। साथ ही फैक्ट्री से वापस आकर अपनी किराने की दुकान चलाता था। बताया जाता है कि घर के एक कमरे में संदिग्ध हालातों में हो गयी। परिजनों ने जब उसे देखा तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। परिजनों की चीख पुकार सुनकर कई लोग वहां आ पहुंचे। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी मौके पर पहुंच गये। लक्ष्मीशंकर को जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस युवक की मौत को संदिग्ध मान रही है। जबकि परिजनों का कहना है कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या की है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ऑनलाइन सट्टा खिलाता एक सटोरिया गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस ने गश्त के दौरान मोदी मैदान के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक सटोरिया को हजारों रुपए की नगदी व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक ललित चौधरी मय हमराही का. राकेश खेतवाल व दिनेश चन्द्र के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना पर टीम मोदी मैदान के पास पहुंची। जहां एक व्यक्ति बोलता दिखा 1 लगाओ और 9 गुना पाओ और एक डायरी में लोगो से पैसा लेकर कुछ लिख रहा है।टीम ने घेराबंदी कर उसे मौके पर पकड़ लिया। पास खड़े लोग भाग गए । पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम पता पलाश चटर्जी पुत्र श्यामल चटर्जीनिवासी गली नंबर 3, दुर्गा मंदिर के पास, संजयनगर खेड़ा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से बॉल पैन, सट्टा डायरी व कुल 3190 रुपये बरामद हुए। पूछताछ करने पर उसने बताया कि लोगो द्वारा लगाया गया नम्बर जब फरीदाबाद का गाजियाबाद के सट्टे में खुलता है तो उनके द्वारा लगायी गयी रकम का 9 गुना उनको मिलता है नम्बर आँनलाईन खुलता है । जो पैसा मेरी जेब से मिला है वो लोगों द्वारा लगाए गए सट्टे की रकम है। पुलिस ने बरामद सामान कब्जे में लेकर पलाश को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## अधेड़ ने फांसी लगा की आत्महत्या

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला रविन्द्र नगर में अज्ञात कारणों के चलते एक अधेड़ ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रातः परिजनों ने जब उन्हें फांसी पर लटका देखा तो उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अधेड़ को फांसी से उतार कर जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। पुलिस ने परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और पंचनामा भर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला रविन्द्र नगर निवासी 52 वर्षीय सुब्रत सरकार पुत्र धनी सरकार खेतों में मजदूरी का काम करता था। परिजनों ने बताया गत रात्रि वह खाना खाकर कमरे में सोने चले गये। प्रातः करीब 6 बजे जब उनके कमरे में गये तो उन्हें फांसी पर लटका पाया गया। चीख पुकार की आवाज सुनकर वहां कई लोग आ पहुंचे। मामले की सूचना मिलते ही आवास विकास चौकी पुलिस कर्मी मौके पर आये और उन्होंने सुब्रत को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घेषित कर दिया। सुब्रत की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सुब्रत अपने पीछे पत्नी कविता, दो पुत्र 22 वर्षीय शशि व 14 वर्षीय मोहित तथा एक विवाहित पुत्री खुशी को रोता बिलखता छोड़ गये हैं।



## दबंगों ने युवक पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस ट्रांजिट कैंप में कुछ दबंगों ने युवक पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में गोपी गुप्ता पुत्र हरीशंकर गुप्ता निवासी गुरूकुल विद्यालय के पास थाना ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 22 सितंबर की रात्रि लगभग 8 बजे मोहल्ले की सड़क निर्माण की चर्चा चल रही थी तथा स्थानीय निवासी विक्की सरकार पुत्र भवेश सरकार जो कि राजनैतिक दल से संबंध रखता है उससे एतराज करने लगा। आरोप है विक्की एवं उसके साथी देवा एवं चार पांच अन्य लोग मारपीट करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# विशाल नगर कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल

किच्छा(उद संवाददाता)। भाई कन्हैया जी सेवा समिति के तत्वाधान में सिख धर्म के प्रथम गुरु गुरु नानक देव जी एवं माता सुलखनी जी के विवाह पूरब को समर्पित विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगर कीर्तन में सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गई। कार्यक्रम में दूर दराज से आए हजारों लोगों ने शिरकत की। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। नगर के तमाम स्थानों पर नगर कीर्तन का भव्य स्वागत किया गया। भाई कन्हैया जी सेवा समिति के तत्वाधान में प्रथम बार आयोजित नगर कीर्तन पुरानी गल्ला मंडी स्थित गुरुद्वारा श्री सिंह सभा से प्रारंभ हुआ। सबसे आगे तमाम गणमान्य लोग पारंपरिक ध्वज लेकर चल रहे थे। उसके पीछे गुरु नानक देव जी महाराज की सुंदर-सुंदर झांकियां सजाई गई। पंच प्यारों की अगुवाई में आयोजित नगर कीर्तन में गुरुद्वारा टांडा स्कूल के सैकड़ो बच्चों ने हिस्सा लिया। नगर कीर्तन के सबसे पीछे गुरु ग्रंथ साहिब जी की सुंदर पालकी सजाई गई। पालकी से आगे सैकड़ो महिलाएं झाड़ू लगाकर




सड़क को साफ करती नजर आई। फूलों की वर्षा के बीच पंच प्यारों एवं पालकी का स्वागत किया गया। गुरु ग्रंथ साहिब जी की पालकी के पीछे सैकड़ो महिलाएं एवं बच्चे गुरु महाराज जी का गुणगान करते नजर आए। नगर कीर्तन के दौरान आए अखाड़ा कलाकारों ने सुंदर-सुंदर हैरत अंगेज करतब दिखाकर सभी को दांतों तले उंगली दबाने को मजबूर कर दिया। नगर के बरेली मार्ग पर गुरदयाल कॉम्प्लेक्स पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड के नेतृत्व में तमाम कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने नगर कीर्तन का जोरदार स्वागत कर प्रसाद वितरण किया। इस दौरान आयोजक कमेटी ने क्षेत्रीय विधायक बेहड़ को सरोंपा पहनाकर उनका स्वागत किया और आभार जताया। पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ हुआ नगर कीर्तन महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, दीनदयाल चौक, बरेली रोड होता हुआ आवास विकास स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में समाप्त हुआ। कार्यक्रम को लेकर आवास विकास स्थित गुरुद्वारे को सुंदर तरीके से सजाया गया है। गुरु नानक देव जी महाराज के विवाह को समर्पित कार्यक्रम को लेकर आवास विकास स्थित गुरुद्वारे में विगत कई दिनों से धार्मिक दीवान सजाया गया। धार्मिक दीवान में बाहर से आए कथा वाचकों ने गुरु की महिमा का बखान कर संगत को निहाल किया। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोहली, नानकमत्ता गुरुद्वारा कमेटी के डायरेक्टर निर्मल सिंह हंसपाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी बबलू, पंजाबी महासभा नगर अध्यक्ष प्रवीण रहेजा, सनातन धर्म सभा अध्यक्ष सुदेश कक्कड़, रक्षपाल सिंह, भजन अरोड़ा, लवी सहगल, नितिन फुटेला, विजय अरोरा, मेजर सिंह, परमजीत सिंह, सतपाल गाबा, दिनेश भाटिया, केतन कालरा, दलजीत सिंह, बलविंदर सिंह डिंपल, बलजीत सिंह, भगत कक्कड़, कमलजीत सिंह, सतपाल कक्कड़, प्रदीप सिंह, अंश कालरा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

किच्छा(उद संवाददाता)। नगर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची इंटर कॉलेज की पूर्व प्रधानाचार्य श्रीमती शीला रघुवंशी एवं श्रीमती रजनी सक्सेना ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए छात्राओं से अपने परिजनों का सम्मान करने तथा देश सेवा का आह्वान किया।



कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने तमाम संस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ सुनीता यादव ने छात्राओं से उच्च शिक्षा का ज्ञान प्राप्त कर अपना तथा देश का नाम रोशन करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए छात्राओं को पूरी निष्ठा एवं लगन के साथ शिक्षा ग्रहण कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ अंजू सक्सेना द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और वर्तमान समय में राष्ट्रीय सेवा योजना की आवश्यकता के विषय पर प्रकाश डाला गया। आयोजित कार्यक्रम



में ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन की समन्वयक निष्ठा सक्सेना द्वारा छात्राओं को हीमोग्लोबिन, डायट, हाइट वेट एवं छात्राओं की काउंसलिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा छात्राओं ने पोषक तत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस दौरान फाउंडेशन के तत्वाधान में मेधावी छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर श्रीमती कल्पना पाठक, श्रीमति श्रुति वर्मा, नीता सहगल, राबिया बेगम, ममता हरबोला, पियूष वत्सल आदि मौजूद रहे।

## विधायक बेहड़ ने सुनी जन समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)।जनता संवाद में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक तिलक राज बेहड़ ने जन समस्याएं सुनी और उनके तत्काल निदान का आश्वासन दिया। विधायक बेहड आवास विकास अपने कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने जनता संवाद के माध्यम से जनसंवाद किया। वहां तमाम लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी, स्वास्थ्य , राशन कार्ड तथा आर्थिक मदद से सम्बंधित तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। विधायक बेहड़ ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान रेहान अली टीचर कॉलोनी सड़क निर्माण हेतु, नितुल पुत्र विनोद सुंदर कॉलोनी नारायणपुर निवासी ने इलाज हेतु, रामायण प्रसाद गंगापुर पाटिया में ट्रांसफार्मर लगाए जाने हेतु,श्रीमती नैना देवी पत्नी प्यारेलाल निवासी हाथी खाना वार्ड नंबर 17 पुत्री के विवाह हेतु



आर्थिक मदद, वार्ड नंबर 3 से मुर्तजा अंसारी पुत्र के इलाज हेतु,वार्ड न -5 बंडिया से मोरवती ने आर्थिक मदद दिए जाने तथा जयंती देवी ने पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किये जाने तथा ग्राम प्रतापपुर से गीता देवी ने राशन कार्ड बनाये जाने का आग्रह किया द्य विधायक तिलक राज बेहड़ ने उपखंड अधिकारी विधुत विभाग तथा अवर अभियंता विधुत विभाग को मौके पर प्रतापपुर कोटा नारायणपुर सुन्दर कॉलोनी की विधुत समस्याओं से अवगत कराया तथा जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश किया तथा अधिकाँश समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया।

## सरकार की धान खरीद नीति का राईस मिलर्स ने किया विरोध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड राइस मिलर्स कार्यकारिणी की बैठक में सरकार की धान खरीद नीति का का विरोध करते हुए कई निर्णय लिये। बैठक में कहा गया कि पुराने वर्ष का 300 करोड़ रूपए का बकाया है, जो सरकार द्वारा अभी तक नहीं दिया गया है। सरकार राईस मिलर्स को यह भुगतान 30 सितम्बर से पहले प्रदान करें। तय किया गया कि कच्चा आढ़ती का पंजीकरण तब तक नहीं करायेंगे जब तक सरकार कच्चा आढ़तियों का भुगतान 15 से 30 दिन में नहीं करती है। कच्चा आढ़तियों द्वारा किसानों को 72 घंटे के अंदर भुगतान कर दिया जाता है। धान क्रय नीति में लिखा है, कि सरकार कच्चा आढ़तियों का भुगतान 15 से 30 दिन में करेगी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि विगत 2 वर्षो से क्रय नीति में बदलाव कर दिया है, कि चावल उतरने के बाद भुगतान दिया जायेगा। सभी ने नई व्यवस्था का विरोध किया तथा पूर्व व्यवस्था लागू करने की मांग की। कहा कि यदि सरकार हमारी यह मांग नहीं मानती है, तो कच्चा आढ़ती का पंजीकरण नहीं करायेंगे। इस नई व्यवस्था से मिलर्स का पैसा सरकार की तरफ एक वर्ष तक फंसा रहता है। राईस मिलर्स ने पुरानी व्यवस्था को लागू करने तथा आगामी नई धान क्रय नीति में बदलाव करने पर जोर दिया। इसके साथ ही वक्ताओं ने कहा कि फोर्टिफाइड चावल राइस मिलर्स द्वारा सरकार की बताई हुई कंपनियों से खरीदा जाता है। जो कि लैब से पास होता है। उसके बावजूद भी सरकार चट्टे फेल कर देती है। 3 लैबो में सरकार टेस्ट कराती है जो कि तीनो लैबो के अलग-अलग रिजल्ट होते हैं। चट्टा फेल होने पर सरकार द्वारा चट्टा उठाने का दवाब बनाया जाता है। मिलर्स ने कहा कि एक बार चट्टा पास होने के बाद मिलर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होनी चाहिए। यदि सरकार यह मांग नहीं मानती है तो सरकारी कार्य नहीं करेंगे एवं अपना प्राइवेट काम करने के लिए मिलर्स स्वतंत्र है। बैठक में पी० डी० अग्रवाल, नरेश कंसल, पंकज बांगा, रमेश गर्ग, उमेश अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, श्याम गर्ग, जितेंद्र सिंगल, आशीष जैन, सौरभ सिंगल, शुभम अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अनिल भुसरी, हिमांशु अरोरा, मनोज काम्बोज, कुलदीप कहलो आदि सदस्य मौजूद थे।

## डीएम ने किया शुगर फैक्ट्री का स्थलीय निरीक्षण

बाजपुर(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने रविवार को दिबाजपुर को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चीनी मिल को पिछले वर्ष की तुलना में एक सप्ताह




पहले शुरू करने का प्रयास किया जाए। डीएम ने पेराई सत्र में चीनी मिल के सफल संचालन हेतु मरम्मत तथा निर्माण कार्यों में तेजी लाकर शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरम्मत एवम निर्माण कार्य से दक्षता बढ़ने के साथ ही रिकवरी भी बढ़ेगी। उन्होंने तकनीकि अभियंताओं को निर्देश दिए कि तकनीकि तथा सुरक्षात्मक दृष्टि से सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं और विद्युत वायरिंग भी व्यवस्थित ढंग से की जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चीनी मिल को पेराई सत्र में गन्ने की कमी न हो।उन्होंने चीनी मिल में गन्ने की आपूर्ति हेतु किसानों तथा किसान सहकारी समितियों से समन्वय एवम वार्ता करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भी चीनी मिल को और अधिक बेहतर ढंग से संचालित किया जाए और किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। डीएम ने चीनी मिल में गन्ना लेकर आने वाले किसानों के बैठने तथा ठहरने के लिए आधारभूत सुविधाओं के साथ अलग से व्यवस्था करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चीनी मिल किसानों की आर्थिकी का आधार है। उन्होंने कहा कि तराई के विकास, उन्नति तथा आर्थिक समृद्धि के लिए, चीनी मिल को लगाया गया था। उन्होंने कहा कि इस चीनी मिल को हम सभी मिलकर संजोकर रखेंगे। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने आसवानी का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी राकेश तिवारी, जीएम हरबीर सिंह, तसीलदार ए. कुमार, सहित सीई नारायण सिंह, सीसी समरपाल चौधरी, सीसीओ राजीव कुमार, सीए वीर सिंह राठी, एई नितेश कुमार, विजेंद्र, आदि उपस्थित थे।

## व्यापार मंडल का 6 जिलों का संपर्क अभियान कल से: वर्मा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड द्वारा कल 26 सितंबर से 6 जिला इकाईयों से संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत हरिद्वार, ऋषिकेश, टिहरी , श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, चमोली जिलों में संपर्क किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने बताया कि इस अभियान में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल, महामंत्री प्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर पंत, माधव प्रसाद सेमवाल, सुरेश बिष्ट के अतिरिक्त जिला नैनीताल के अध्यक्ष विपिन गुप्ता, महामंत्री हर्षवर्धन पाण्डे भी साथ में रहेंगे।प्रदेश महामंत्री प्रकाश मिश्रा ने बताया कि संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य नव मनोनीत जिला कार्यकारिणियों को सक्रिय करने के साथ साथ सभी पदाधिकारियों को संगठन को पहचानने की कवायद करना है। उन्होंने बताया कि दीपावली के बाद कुमाऊं मण्डल की इकाइयों से संपर्क किया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने भी सभी छह जिलों में संगठन को और सशक्त बनाने की पहल का आगाज बताते हुए कहा कि हमें संगठित होकर अपने संगठन का प्रभाव दिखाना जरूरी है। प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने इस कार्यक्रम को संगठन के लिए संजीवनी बताया है। प्रदेश उपाध्यक्ष चन्द्र शेखर पंत ने संपर्क अभियान को संगठन के लिए नवचेतना संचार का माध्यम बताया।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# दोस्त के साथ गये युवक का जंगल में मिला शव

## अरुण का शक्ति के साथ हुआ था झगड़ा,रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। दोस्त के बुलावे पर घर से उसके साथ बाईक पर घूमने गये युवक का शव जंगल में पाया गया। परिजनों ने दोस्त के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। दर्ज रपट में अमित कुमार पुत्र अमृत लाल निवासी सुभाषनगर डिबडिबा बिलासपुर रामपुर ने कहा है कि 24 सितम्बर की शाम उसका बेटा अरुण घर पर था। अरुण का दोस्त शक्ति पुत्र विजय निवासी कीरतपुर उसके बेटे को घूमने के बहाने घर से बुलाकर ले गया।बेटा अरुण घर से शक्ति के साथ मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीबी 4211 से घूमने के लिए निकला था। काफी समय बाद जब बेटा घर वापस नही आया तो शक्ति से अपने बेटे के बारे मे पूछा तो शक्ति ने कोई जानकारी नही दी और टालमटोल करने लगा। परिजनों ने अरूण की तलाश शुरु की तो कुछ पता नही चल पाया। शक्ति के भाई शिव ने बताया कि अरुण एमीनिटी स्कूल के सामने बागवाला जंगल में हो सकता है। जैसे ही बागवाला जंगल में तलाश करने गये तो बेटे अरूण का शव एमीनिटी स्कूल के सामने बागवाला जंगल मे मिला। अमित का आरोप है कुछ दिन पहले उसके बेटे अरुण का शक्ति के साथ झगडा हुआ था। उन्होंने रपट में शक्ति पर बेटे की हत्या कर उसकी बाईक तथा मोबाईल लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किंग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221, 09779777117

# मीडिया क्लब को वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी सिंह ने दिया आशीर्वाद

गदरपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं उधम सिंह नगर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आर पी सिंह ने मीडिया क्लब के गठन क्रम में मीडिया क्लब के अध्यक्ष मुकेश पाल एवं महामंत्री राकेश अरोरा के नेतृत्व में पत्रकारों का समूह वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी सिंह के कार्यालय स्तम्भ है और वह हमेशा पत्रकारों के साथ है। उन्होंने मीडिया क्लब के समस्त पत्रकारों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर परिस्तिथि में वह उत्साह वर्धन किया।उन्होंने पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए कानूनी नियमो को भी विस्तार से बताया। इस मौके पर मीडिया क्लब के कोषाध्यक्ष




पर बधाई दी है। विगत सायं वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी सिंह के कार्यालय पर मीडिया क्लब को सम्मानित करते हुए पत्रकारों से मुलाकात की गई। इसी पर पहुँचा जहां वरिष्ठ अधिवक्ता आर पी सिंह द्वारा मीडिया क्लब के पत्रकारों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया उन्होंने कहा पत्रकार लोकतंत्र का चौथा पत्रकारों के हित के लिए कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है और उन्होंने क्षेत्र की कृतियों को दूर करने एवं सच्ची खबरों के प्रकाशन के लिए पत्रकारों का शाहनूर अली, रामपाल,रिंकू शर्मा, नितिन छाबड़ा, गौरव बत्रा, रिजवान अख्तर सहित एड राजीव ग्रोवर,एड कुनाल ग्रोवर उपस्थित रहे।

# एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति ने बनाई आंदोलन की रणनीति

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी ने बताया है कि गुरिल्लों की मांगों पर विचार हेतु उत्तराखंड शासन ने कुछ और समय मांगा है 25सितंबर को अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने गुरिल्लों द्वारा संपर्क करने पर बताया कि मुख्यमंत्री अभी प्रदेश से बाहर हैं उनके लौटने पर शासन स्तर पर उच्च स्तरीय बैठक की जायेगी उसमें गुरिल्लों द्वारा मांग पत्र में दिये गये सभी बिंदुओं पर विचार कर कार्यवाही की जायेगी। अपर मुख्य सचिव से मिलने से पूर्व गुरिल्लों के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार गुरिल्लों की मांगों पर कार्यवाही नहीं करती है तो, अक्टूबर अंतिम सप्ताह में गुरिल्लों द्वारा देहरादून से दिल्ली तक पदयात्रा का आयोजन किया जाय जिसमें उत्तराखंड के सभी गुरिल्लों की भागीदारी सुनिश्चित की जाय।अन्य राज्यों के गुरिल्लों को इस पैदल मार्च में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाय। अक्टूबर प्रथम सप्ताह से लेकर तीसरे सप्ताह तक सभी जनपदों में बैठकों,धरने प्रदर्शनों के माध्यम से सभी गुरिल्लों से इस निर्णायक संघर्ष में शामिल होने का आह्वान किया जाय तथा सरकार को भी ज्ञापनों, समाचार के विभिन्न माध्यमों से कार्यक्रम की जानकारी दी जाय। बैठक में निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम रूप रेखा तय करने के लिए सभी जिलाध्यक्षों एक और बैठक शीघ्र बुलाई जाय बैठक अध्यक्ष ब्रह्मा नन्द डालाकोटी,जयेन्द्र रावत, पीतांबर मेलकानी, महाबीर रावत,एलम पवार, चंद्र सिंह, मनोज भट्ट,बलवंत कुरियाल,कुशल सिंह पवार, बृजमोहन नेगी,अजय भट्ट,, रमेश लखेड़ा,ममता भट्ट, सुलोचना बर्थ्वाल आदि सम्मिलित हुए।

# आम आदमी पार्टी की बैठक में चुनाव की तैयारियों पर चर्चा

## शकील अहमद के चुनाव लड़ने की चर्चा

गदरपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी शकील अहमद के कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जोत सिंह बिष्ट और आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने एक शिष्टाचार भेंट की जिनके पहुंचने पर शकील अहमद और उनकी टीम ने पार्टी पदाधिकारीओ का फूल मालाओं से स्वागत किया। सोमवार दोपहर नगर के समाजसेवी शकील अहमद के कार्यालय पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने एक बैठक की। जिसमें आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता जोत सिंह बिष्ट ने लोकसभा चुनाव और निकाय चुनाव के बारे में चर्चा की गयी। ज्योत सिंह बिष्ट ने बताया कि कांग्रेस हो या भाजपा दोनों ने ही जनता को ठगा है आम आदमी पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है और दो राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार है धीरे-धीरे उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी अपनी पार्टी के प्रत्याशी जीत दर्ज करके इतिहास बनाएंगे वहीं जिला अध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने बताया कि कांग्रेस बीजेपी में लोग व्यक्तिगत फायदे के लिए राजनीति कर रहे हैं लेकिन आम आदमी पार्टी जनता की सेवा के लिए ही कार्य करती है वही शकील अहमद ने बताया कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सच्चे समाजसेवी हैं वह जनता की सेवा करना जानते हैं शकील अहमद ने कहा कि विचार विमर्श किया जा रहा है अगर हमारे कार्यकर्ता चाहेंगे तो जल्द ही पार्टी को ज्वाइन किया जाएगा। इस दौरान मौजूद लोग मो अहमद पेंटर,बाबा सुभाष भारती,हाजी खलील, बिंदा सिंह,दर्शन फुटेला,सुलेमान, जस्सा सिंह,शकील अहमद,टिंकू,नजाकत अली, उसमान अली, फिरासत अली, इंतखाब,नूर अली,भूरा भाई (आजम खां)यासीन भाई, मो अदनान,राजीव आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्रुप डांस में नंदनी और एकल में कंचन प्रथम

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। देवभूमि बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर 1 में श्री राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने सुन्दर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। ग्रुप डांस में नंदनी ने प्रथम स्थान तो एकल डांस प्रतियोगिता में कंचन विश्वास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नृत्य प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया।सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया साथ ही विजेताओ को ट्रॉफी के साथ नगद धनराशि प्रदान की गई।इससे पहले कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय बंगाली कर्मचारी उन्नयन समिति के प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सरकार, विजन राय, पंकज राय, मांखम मंडल ने संयुक्त रूप से श्री राधे रानी के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर की। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए कहा कि बंगाली समाज की संस्कृति को बचाए रखना हमारा परम उद्देश्य है इस प्रकार के आयोजन से बालक बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलेगी। प्रतियोगिता में बिजन राय ,निर्मल सरकार जी ने जजमेंट की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन राम चन्द्र राय ने की।मुख्य अतिथि प्रियजित राय,नरेश साना,सुमित मंडल,रविन्द्र



अग्रवाल ने बालक बालिकाओं का उत्साह वर्धन करते हुए प्रति डांस में नगद धनराशि प्रदान की। भूतपूर्व ग्राम प्रधान सुनील हालदार जी ने ट्रॉफी के साथ नगद धनराशि प्रदान की। इस दौरान आयोजन समिति के संरक्षक दीपांकर सरकार,सुमित सरकार,आनंद राय, अनिमेष सरकार, राणा सरकार, बलाई साना, नंदगोपाल बैरागी, विजय सरकार, रघुजीत मंडल, रेखा राय,उर्मिला मंडल ,शिखा मंडल, संध्या सरकार आदि लोग मौजूद थे।

# हवन पूजन के साथ गणेश महोत्सव का समापन




हल्द्वानी (उद संवाददाता)।वैश्य महासभा द्वारा आयोजित गणेश महोत्सव का हवन पूजन के साथ समापन किया गया। उसके बाद रामलीला ग्राउंड में एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिससे सामाजिक एकता का संदेश गया। इसके पश्चात श्री गणेश जी की मूर्ति की विसर्जन की शोभायात्रा ने शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए रानी बाग के लिए प्रस्थान किया। इस मौके पर अध्यक्ष आलोक शारदा, महामंत्री भवानी शंकर नीरज, कोषाध्यक्ष देवेंद्र केसरवानी, युवा अध्यक्ष उमेश गुप्ता, युवा महामंत्री रमेश केसरवानी, महिला अध्यक्ष पूनम अग्रवाल, सुरेश केसरवानी, मुकेश लहरिया, भोलानाथ केसरवानी, राजेंद्र जयसवाल, कन्हैया जयसवाल, वैभव गुप्ता, राजेश साहू, रामबाबू साहू, सौरभ गुप्ता, सीमा देवल, सुचित्रा जयसवाल, अतुल जायसवाल, कपिल अग्रहरि आदि वैश्य समाज के अनेक लोग व सैकड़ों भक्तजन उपस्थित थे।

# नशीले इंजैक्शनो के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने 25 नशीले इंजैक्शनो के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना बनभूलपुरा पुलिस टीम द्वारा बनभूलपुरा निवासी मो. जुनेद उर्फ गप्पू को कुल 25 अदद नशीले इंजेक्शनो के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि जुनेद का आपराधिक इतिहास ज्ञात करने पर पता चला कि उक्त पूर्व में स्मैक की तस्करी, चोरी, नकबजनी, लूट, आर्म्स एक्ट में पहले भी जेल जा चुका हैं। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, उनि. संजीत कुमार राठौड़, कानि. परवेज अली, सुरेन्द्र सिह व राजा गौतम शामिल थे।



# सिक्स सिग्मा कॉलेज ने मनाया विश्व फार्मेसी दिवस

गदरपुर (उद संवाददाता) निकटवर्ती ग्राम जाफरपुर के निकट स्थित सिक्स सिग्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस कॉलेज द्वारा विश्व फार्मेसी दिवस को जागरूकता दिवस के रूप में मनाया। नगर के वार्ड नं 6 आवास विकास रामलीला पार्क में फार्मेसी विद्यार्थियों द्वारा जांच शिविर व जागरूकता रैली निकालकर मानव जीवन एवं स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट की प्राथमिकता को बताया।यह कॉलेज रुद्रपुर क्षेत्र के विधायक शिव अरोरा,प्रीत ग्रोवर एवं राजेश डाबर द्वारा बनाया गया है।जिसमे हर वर्ष छात्र छात्राएं अपने उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर होकर इस कॉलेज में अच्छी शिक्षा ग्रहण कर समाज को नयी दिशा देते है। विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर कॉलेज के एम डी प्रीत ग्रोवर ने कहासमाज में फार्मासिस्ट की अहम भूमिका को उजागर करने के मकसद से यह दिन हर साल 25 सितंबर को मनाया जाता है। एक मजबूत समाज को बनाने में सही स्वास्थ्य सेवा अहम भूमिका निभाती है। एक फार्मासिस्ट समाज में कई जरूरी कार्य करता है जिसमें मरीजों को सही सलाह देना उनका सही इलाज करना और उनके लिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है। फार्मासिस्ट्स के इसी योगदान के प्रति सम्मान जाहिर करने के लिए हर साल 25 सितंबर को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाते है उन्होंने फार्मासिस्ट कर रहे विद्यार्थियों को आज के दिन की बधाई दी।वही रुद्रपुर क्षेत्र के विधायक एवं कॉलेज के एम डी शिव अरोरा ने भी बधाई देते हुए कहा इस दिन प्रत्येक व्यक्ति को उचित स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने में फार्मासिस्ट्स द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। इस खास दिन स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना अहम योगदान देने के लिए फार्मासिस्ट्स को सम्मानित किया जाता है। इस दिन को मनाने का सबसे अच्छा तरीका फार्मासिस्ट्स के प्रयास को पहचानना और वे हमारे लिए जो भी कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें धन्यवाद देना है।उन्होंने कहा सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ आहार और शारीरिक गतिविधि के साथ-साथ एक अच्छी और सही स्वास्थ्य सेवा भी बेहद जरूरी है। मरीजों को सही सलाह देने से लेकर उनका सही इलाज करने तक और उनके लिए दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तक, फार्मासिस्ट समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फार्मासिस्ट की इसी भूमिका को उजागर करने और चिकित्सा पेशेवरों को सम्मानित करने के मकसद से हर साल विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया जाता है।इसी क्रम में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह,डायरेक्टर सीमा अरोरा, मैनेजमेंट टीम मेम्बर वंश डाबर सहित वार्ड सभासद मनोज गुम्बर,अशोक हुड़िया ने सिक्स सिग्मा की पूरी टीम को फार्मासिस्ट दिवस की बधाई दी इस मौके पर सोफिया अंसारी,रिचा तिवारी, राजकमल, मोहम्मद शावेज, वसीम अहमद, नसीम अली, सिराज,नाजिम, मोहम्मद जावेद, राजाउल, दीपिका देओपा, रोहित पडियार,आलिया नाज, प्रगति सक्सेना, अकरम अली,विनोद जोशी, गिरीश गुरुरानी, अमृता, दीपिका ,सुष्मिता वाला सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।






## हेल्प टू अदर्स सोसायटी को राष्ट्रीय सम्मान मिलने से बढ़ा राज्य का गौरव: चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन नगरी अयोध्या में हेल्प टू अदर्स सोसायटी को 19 वां राष्ट्रीय सम्मान मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए वरिष्ठ समाज सेवी भारत भूषण चुघ ने कहा कि हेल्प टू अदर्स सोसायटी को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित करना उत्तराखंड राज्य के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि हेल्प टू अदर्स सोसायटी पिछले कई वर्षों से समाज सेवा में अग्रणीय भूमिका निभाती आ रही है। श्री चुघ ने बताया कि 21 सितंबर को अयोध्या नगरी में हेल्प टू अदर्स सोसायटी को भारत के भिन्न भिन्न क्षेत्र में कर रहे निरंतर सेवा को देखते हुए राष्ट्रीय सम्मान से पुरस्कृत किया गया। हाकी के जादूगर एवं मेजर ध्यान सिंह के पुत्र अशोक ध्यानचंद एवं जौनपुर की महारानी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच कर संयुक्त रूप से हेल्प टू अदर्स सोसायटी उत्तराखंड के अध्यक्ष जगजीत सिंह (गोल्डी) एवम उपाध्यक्ष दिलजीत सिंह को अलग अलग राष्ट्रीय सम्मान से पुरस्कृत किया गया। हेल्प टू अदर्स सोसायटी उत्तराखंड के अध्यक्ष जगजीत सिंह द्वारा बताया गया कि अयोध्या नगरी में जगजीत सिंह (गोल्डी) एवं दिलजीत सिंह को रक्तदान करने का भी सौभाग्य हुआ व रामकृष्ण सेवा ट्रस्ट की टीम द्वारा पवित्र स्थल श्री राम जन्मभूमि के दर्शन करवा कर दोनो कार्यकर्ताओं को पुण्य प्राप्त करवाया। श्री चुघ ने कहा समाज के सभी संपन्न लोगों को समाज के गरीब, पिछड़े, असहाय जरूरतमंद लोगों की समय पर किसी न किसी रूप में सहायता अवश्य करनी चाहिए। उन्होंने कहा कोरोना महामारी के उस कठिन दौर में हेल्प टू अदर्स सोसायटी के जनसेवा के कार्य अविस्मरणीय है। सोसाइटी के सदस्यों ने दिन रात कार्य करके सैकड़ों कोरोना प्रभावित लोगों का जीवन बचाया।




## दिनेशपुर में किसान मोर्चा ने आयोजित किया वोटर चेतना कार्यक्रम

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी दिनेशपुर मंडल में आयोजित बैठक में एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले बच्चों को वोटर कार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया गया। क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे ने लोगों से वोटर कार्ड अवश्य बनवाने की अपील की। मुख्य वक्ता किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जोगेंद्र पुंडीर ने राष्ट्र निर्माण में सभी लोगों को भागीदारी करने के लिए अधिक से अधिक लोगों को वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया ने कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडे और जोगिंदर पुंडीर के पहुंचने पर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष राजेंद्र पोपली, प्रदेश संयोजक अरुण लोहान, मीडिया प्रभारी विकास शर्मा, हरिशंकर शर्मा, अनिल मुंजाल, नरेश भुसरी, अशोक गांधी, पारस बाटला, पारस मुंजाल, कल्याण ढींगरा, बनारसी छाबड़ा आदि लोग शामिल थे।





गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568069000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरुनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927850999

# कराटे बैल्ट ग्रेडिंग व ट्रेनिंग कैंप में किया 80 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग




रुद्रपुर( उद संवाददाता)। स्थानीय श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान व ऋषि मार्शल आर्ट्स अकैडमी एंड इंस्टिट्यूट ऑफ मार्शल आर्ट के सौजन्य से एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर व बैल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन रविवार को हुआ। जिसमें रूद्रपुर शहर के विभिन्न विद्यालयों के 90 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर येलो, ग्रीन, ऑरेंज, ब्लू, पर्पल, ब्राउन बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की। इस कराटे ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से किहोन, काता व कुमीते की परीक्षा के साथ-साथ मौखिक परीक्षा ली गई। ग्रेडिंग परीक्षा को एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के निदेशक व मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह व तकनीकी निदेशक एवं परीक्षक सिहान ऋषि पाल भारती की ओर से



संचालित की गई। इस परीक्षा 30 खिलाड़ियों ने येलो, ग्रीन, ऑरेंज, ब्लू, पर्पल एवं ब्राउन बेल्ट की परीक्षा उत्तीर्ण की। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव व मुख्य प्रशिक्षक सिहान किशोर सिंह, ऋषि पाल भारती व अभिभावकों द्वारा सयुंक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर सिहान किशोर सिंह ने सभी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर बनने के लिए आपको हर दिन ट्रेनिंग करनी होगी लेकिन आपको अपनी ट्रेनिंग को सम्मान देना होगा। और उन्होंने कहा, ट्रेनिंग अहम है। आपको हर दिन ध्यान लगाकर बेहतर बनना है। इसी का अर्थ सच्चा मार्शल आर्टिस्ट बनना होता है। आप मेहनत करेंगे तो आपको नतीजे मिलेंगे। येलो बेल्ट ग्रेडिंग उत्तीर्ण करने वाले खिलाड़ियों में अर्जुन सिंह, कार्तिकेय, चारुल, शांभवी, दिशा सिंह, सहजल नारंग, गीतिका अरोड़ा, दर्श अरोरा, लायरा, मीरा नारंग, आरव चंदेल, आर्यन चंदेल, शिवानिया सिंह। ऑरेंज बेल्ट में अंशिका शर्मा। ग्रीन बैल्ट में आरव कुमार, मानशवी धामी, अर्णव गौड़, अक्षित सिंह, ऋषि गांगुली। पर्पल बेल्ट में प्रज्ञान बिष्ट एवं ब्राउन बेल्ट में सारा जीना, सृष्टि वशिष्ट, वंश बिष्ट सहित सभी खिलाड़ियों ने बेल्ट ग्रेडिंग पास की। तथा अनुत्तीर्ण खिलाड़ी आगामी बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में दोबारा प्रतिभाग करेंगे। शिविर के समापन अवसर पर ऋषि पाल भारती ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा की सभी खिलाड़ी प्रशिक्षण शिविर में सीखी तकनीकों के प्रशिक्षण से आगामी राज्य एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर एमेच्योर कराटे डू एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष शंकर बसेड़ा, चेतना धीर, शेखर सक्सेना, वरिष्ठ कोच वसीम खान, सतनाम चावला, ए जे बटसर, साधना बटसर, रघु रावत, बलविंदर सिंह, रूनू शर्मा, क्षितिज सिंह, जय प्रकाश, लवली विश्वकर्मा, जय लोहनी, प्रिया विश्वास, शालिनी शर्मा, राजीव राना, सुखदेव सिंह, सहित अनेकों अभिभावक गण मौजूद रहे।

# पोषण मेले में 16 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

गदरपुर( उद संवाददाता)। बाल विकास परियोजना गदरपुर द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का आयोजन मोहनपुर प्रथम क्षेत्र की ग्राम सभा बड़ा खेड़ा के ग्राम चकरपुर के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए बाल विकास कार्यकर्ताओं द्वारा सब्जी, अनाज, फल आदि से विभिन्न प्रकार की रंगोली तैयार करके प्रदर्शित की गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी बीना भंडारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तथा आंगनबाड़ी केंद्र की योजनाओं से सबको अवगत कराया गया। उन्होंने स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत के अंतर्गत सही पोषण देश रोशनष करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सोहनी शर्मा द्वारा पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर अधिक से अधिक पौधों का रोपण एवं पोषण करने की अपील की गई। इस अवसर पर मीडिया कर्मी और योग शिक्षक देवेंद्र सिंघ ने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए कहा, हमें स्वस्थ रहने के लिए शुद्ध हवा प्राप्त करने के लिए अधिक से प्रकार की मसाले एवं जड़ी बूटियां के प्रयोग एवं उनसे बनने वाले उत्पादों की भी जानकारी देते हुए सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के नसीम और नेहा मिश्रा ,ग्राम प्रधान गदरपुरी बिमला देवी ,ग्राम प्रधान सूरजपुर मीना रानी, सुपरवाइजर नीमा





परियोजना अधिकारी बीना भंडारी एवं मुख्य अतिथि सुरेंद्र कुमार दुबे हेल्थ कोच द्वारा संयुक्त रूप से करवाया गया। ग्राम महेशपुर की राधा रानी द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत गाकर कार्यक्रम को सुचारु किया। कार्यक्रम में 16 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 11 बच्चों का अन्नप्राशन करवाते हुए शुभकामनाएं दी गई।वही आंगनबाड़ी की जानकारी के साथ बताया कि हमको अपने घरों में पीतल, तांबा, लोहे और मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग भोजन बनाने के लिए करना चाहिए ताकि हमारे शरीर में गुणवत्ता बनी रहे और भोज्य पदार्थों से हमको सही पोषण मिल सके। सुपरवाइजर नीमा विष्ट ने मोटे अनाज की गुणवत्ता का वर्णन करते हुए लोगों को मोटे अनाज और पोषण के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम का संचालन अधिक पौधों का रोपण /पोषण ,शुद्ध पानी के लिए मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग, शुद्ध एवं पौष्टिक खाना बनाने के लिए लोहा, मिट्टी, तांबा ,पीतल के बर्तन में मोटे अनाजों का पकाया जाना,तन मन की सफाई के लिए पेट साफ रखने और अधिक से अधिक पानी का प्रयोग करने और योग करने के लिए कुछ समय अवश्य निर्धारित किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने विभिन्न विष्ट,दीपा उप्रेती, शफीकन खान, राज कुमारी के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ती सोहनी शर्मा, हरजिंदर कौर, गीता, अनीता, रेखा, सोनिया, रोजी, रजनी, दीप्ति, सरस्वती, सोनू रानी, शशि ,पूजा, कविता, गुलनाज , सुचित्रा, रिंकी, शकुंतला, पूनम, राधा रानी, कुसुम लता, रेनू, सुनीता,सुरैया, शिखा, सुमन आदि कार्यकर्ती शामिल रही।

# श्री सनातन धर्म महाविद्यालय में मना एनएसएस स्थापना दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री सनातन धर्म कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। समारोह में स्वयं सेवी छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति पेश की। राष्ट्रीय सेवा का महत्व बताते हुये कहा कि समाज के हर युवा को तन, मन, और धन से राष्ट्र एवं समाज की सेवा करनी चाहिये। महाविद्यालय की उपप्राचार्य डॉ. ज्योति अरोरा ने छात्राओं को अनुशासन का महत्व बताया। डॉ. चम्पा जग्गा ने



योजना अधिकारी डॉ. सुगन्धा भारद्वाज ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास के बारे में बताते हुये कहा कि यह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का सपना था कि देश के हर युवा में राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा जाग्रत हो सके। जिसका माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना हो सकता है। साथ ही महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सतविंदर कौर ने छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना छात्राओं को बताया कि सेवा अपने घर के बुजुर्गों से शुरू करनी चाहिये। इस दिवस पर छात्राओं ने महाविद्यालय में सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। कार्यक्रम में रश्मि, सुमन, काजल, ज्योति, भावना, श्वेता आदि छात्राएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. सुगन्धा भारद्वाज ने किया।

# एनएसएस स्थापना दिवस पर महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों का एक दिवसीय शिविर महाविद्यालय क्रीड़ा प्रांगण में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस एक दिवसीय शिविर में अभिविन्यास कार्यक्रम, श्रमदान और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना ई-रक्तकोष पंजीकरण अभियान, आभा बनाने का प्रशिक्षण तथा स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता के सम्बन्ध में बौद्धिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिविर का प्रारम्भ स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत गायन के साथ किया। इसके पश्चात शिविरार्थियों ने तीन टोलियों में विभक्त होकर श्रमदान कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्र संघ भवन एवं कक्ष संख्या 1, 2 एवं 3 के सामने उगी झाड़ियों की कटाई एवं साफ सफाई की। श्रमदान कार्यक्रम की समाप्ति के उपरान्त राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिविन्यास कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. डीसी पन्त ने वर्चुअल माध्यम से प्रेषित अपने सन्देश में कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शताब्दी वर्ष 1969 में स्थापित राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से देश के युवाओं को समाज से जोड़कर उनके व्यक्तित्व का विकास करना मुख्य उद्देश्य रहा है। उन्होंने महाविद्यालय के समस्त





स्वयंसेवी छात्र छात्राओं का आह्वान किया कि वे सत्य, अहिंसा और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग का हमेशा अनुसरण करें, तभी वे सब एक अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा कर सकने में सक्षम होंगे। अभिविन्यास कार्यक्रम के मुख्य वक्ता समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा स्वयंसेवी अपने सामाजिक सरोकारों से परिचित होता है। वह लोगों के बीच जाकर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में व्याप्त बहुत सी सामाजिक समस्याओं से निपटने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि बीबीए और परीक्षा प्रभारी वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर पीएन तिवारी ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है जो नई पीढ़ी के व्यक्तित्व को गढ़ते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाता है। उन्होंने वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के अपने कार्यकाल के अनुभव भी स्वयंसेवियों से साझा किये। उन्होंने स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि वे नि:स्वार्थ भाव से अपने आस-पास के लोगों के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं के समाधान में उनकी सहायता करें। समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे वर्ष के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की विविधतापूर्ण गतिविधियों के माध्यम से एक स्वयंसेवी को व्यक्तित्व विकास के बहुमूल्य अवसर उपलब्ध होते हैं। स्वयं सेवियों को आगे बढ़कर इन गतिविधियों में हिस्सा लेना चाहिए। शिविर की बौद्धिक गोष्ठी का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी इतिहास विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अपर्णा सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व में सहिष्णुता, सहभागिता, स्वावलम्बन और स्वदेश प्रेम जैसे गुणों को समाहित करने का प्रयास करती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी और महाविद्यालय के ई- रक्तकोष के नोडल अधिकारी डॉ.राजेश कुमार सिंह ने स्वयं सेवियों को भारत सरकार की ई-रक्तकोष की वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवियों को अपना आभा अकाउंट बनाने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। जिला चिकित्सालय से पधारे स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञ जेएल चौधरी ने स्वयंसेवियों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रक्तदान से जुड़े विभिन्न चिकित्सकीय और वैज्ञानिक पहलुओं से स्वयंसेवियों को परिचित कराया। जिला चिकित्सालय के काउन्सलर विवेक चौहान ने रक्तदान से पूर्व बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.रंजीता जौहरी ने स्वयंसेवियों का आह्वान किया कि वे वर्ष में कम से कम दो बार जरूर रक्तदान करें। इसके अतिरिक्त समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर डॉ. अंचलेश कुमार तथा पूर्व कार्यक्रम अधिकारी गणित विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राघवेंद्र मिश्रा तथा वरिष्ठ स्वयंसेवी सौरभ राठौर, चन्दन भट्ट ने भी स्वयंसेवियों को सम्बोधित किया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाईयों के स्वयंसेवियों के अतिरिक्त वरिष्ठ स्वयंसेवी रमेश कोली, कैलाश राठौर आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# संसद की मर्यादा

नफरती बयानों पर सख्त रुख दिखाते हुए सर्वोच्च न्यायालय कई मौकों पर इसे रोकने का निर्देश दे चुका है, मगर स्पष्ट है कि राजनेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया। अब तो शायद सार्वजनिक मंचों पर भाषा की मर्यादा का भी खयाल रखने की जरूरत नहीं समझी जाती। इसी का नतीजा है कि सड़क की भाषा उठ कर संसद में पहुंच गई। दक्षिणी दिल्ली से भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी ने संसद में अपने ही साथी, बसपा सांसद के बारे में जैसे अपमानजनक और अशोभन शब्दों का इस्तेमाल किया, वैसा अब तक कभी नहीं किया गया। इसे लेकर स्वाभाविक ही विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं।बिधूड़ी के भाषण का वह अंश चौतरफा प्रसारित है और उसे देख-सुन कर साफ लगता है कि उन्हें संसद के पटल और मुहल्ले के नुक्कड़ पर चल रही बहस में कोई अंतर महसूस नहीं होता। संसद की अपनी मर्यादा है, उसके नियम-कायदे हैं। यहां तक कि संसद की भाषा तय है। वहां बहुत सारे शब्दों का इस्तेमाल वर्जित है। वहां किसी भी ऐसे शब्द का उपयोग नहीं किया जा सकता, जिसे असंसदीय करार दिया गया है। इसलिए वहां बोलने के लिए सांसद पहले से तैयारी करके आते हैं। ऐसा नहीं माना जा सकता कि बिधूड़ी इससे अनजान हैं। सरकार ने संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस संकल्प के साथ नए संसद भवन में प्रवेश किया कि उसमें लोकतंत्र की मर्यादाएं और प्रगाढ़ होंगी, मगर विचित्र है कि उसी सत्र में बिधूड़ी का ऐसा आपत्तिजनक आचरण सामने आ गया। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें चेतावनी देते हुए कहा कि अगर अगली बार से ऐसा आचरण सामने आया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विपक्षी दलों ने हंगामा किया तो पार्टी अध्यक्ष ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करके पंद्रह दिन के भीतर जवाब देने को कहा। मगर विपक्षी दलों का तर्क है कि जब दूसरे दलों के नेताओं से सदन में मामूली चूक होती है तो भी उन्हें संसद से निलंबित कर दिया जाता है और बिधूड़ी ने एक साथी सांसद को सदन के पटल पर गाली दी, फिर भी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। उन्हें चेतावनी देकर क्यों छोड़ दिया गया? विपक्ष उनकी सदस्यता समाप्त करने की मांग कर रहा है। इस तरह लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका भी प्रश्नांकित होने लगी है। मगर सबसे अधिक किरकिरी भाजपा को झेलनी पड़ रही है। दरअसल, यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के किसी नेता ने इस तरह किसी विशेष समुदाय के लोगों के लिए ऐसे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। भरी सभाओं के मंचों से कुछ सांसद और कई नेता ऐसे नफरती भाषण देते देखे-सुने गए हैं। सरेआम समुदाय विशेष के प्रति लोगों को हिंसक व्यवहार करने, उनके कारोबार-व्यापार को बंद कराने को उकसाते देखे गए हैं। उन्हें लेकर सर्वोच्च न्यायालय पार्टी और सरकार को सख्त हिदायत दे चुका है। मगर ऐसे नफरती बोल रुक नहीं पा रहे हैं, इसलिए विपक्ष को यह आरोप दोहराने का एक बार फिर मौका मिल गया है कि भाजपा समुदाय विशेष के प्रति नफरत का वातावरण बना कर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास करती है। अब जब नफरत की भाषा संसद के भीतर पहुंच गई है, तो स्वाभाविक ही पार्टी से ऐसे प्रतिनिधियों, नेताओं के प्रति सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठने लगी है। जब राजनेता खुद अपनी भाषा में संयम और मर्यादा का ध्यान नहीं रख पा रहे, तो उन्हें यह सलीका सिखाने की जिम्मेदारी कौन उठाएगा।

# सड़कों को गड्ढों से मुक्त करें और निर्माण कार्यों में तेजी लायें: रतूड़ी

## शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक और कूड़ा निस्तारण के लिए मजबूत सिस्टम तैयार करने के निर्देश



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों के क्रम में अपर मुख्य सचिव ने सचिवालय में लोक निर्माण, शहरी विकास, आवास और औद्योगिक विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने लोक निर्माण विभाग को 30 नवम्बर तक सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने और शहरी विकास विभाग को शहरी क्षेत्रों में प्लास्टिक और कूड़ा निस्तारण के लिए जल्द से जल्द एक मजबूत सिस्टम तैयार करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन को शीर्ष प्राथमिकता पर लिया जाय। घोषणाओं को तेजी से पूरा करने के लिए शासन स्तर से धरातल स्तर तक समय सीमा निर्धारित की जाए। एसीएस ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री घोषणाओं की विभागीय सचिव के स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग की जाए और पूर्ण करने के लिए समय सीमा निर्धारित हो। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों से जुड़े विभाग निर्माण कार्यों में तेजी लाएं। अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा जनहित में लिए गये निर्णयों पर विभागों द्वारा जो भी कार्य किये जा रहे हैं, उनमें समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी कार्य में किसी वजह से परेशानी हो रही है, तो उसकी जानकारी उच्च स्तर पर दी जाय। बैठक में अपर सचिव लोक निर्माण विभाग विनीत कुमार एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# डेंगू मरीजों के लिये अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सोमवार को सचिवालय में बैठक लेकर जनपद नैनीताल, ऊधम सिंह नगर, अल्मोड़ा, चंपावत व बागेश्वर के डीएम व सीएमओ को डेंगू से बचाव व रोकथाम हेतु प्रभावी समन्वय के साथ तत्काल कार्यवाही की हिदायत दी है। उन्होंने कुमाऊँ क्षेत्र में समुचित पेयजल, अस्पतालों में आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, मानव-वन्यजीव संघर्षों की घटनाओं के त्वरित समाधन तथा सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं। एसीएस ने कहा कि डेंगू की रोकथाम के लिए प्रशासन को निरन्तर सजगता से कार्य करना होगा। राज्य में ब्लड बैंकों की कोई कमी नही है। राज्य में डेंगू के 81 प्रतिशत मरीज ठीक हो चुके हैं। राज्य के ब्लड बैंकों में पर्याप्त मात्रा में ब्लड व प्लेटलेट्स उपलब्ध हैं। एसीएस श्रीमती राधा रतूड़ी द्वारा नैनीताल में हाल ही में हुई भू-स्खलन की घटनाओं के बाद किये गये राहत कार्यों की विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने राहत शिविरों में प्रभावित परिवारों हेतु सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव डॉ. अमनदीप कौर, कुमाऊँ मण्डल के कमिश्नर श्री दीपक रावत, महानिदेशक सूचना श्री बंशीधर तिवारी सहित समस्त जिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।

# बीजेपी को भगवान मान कांग्रेस के सभी नेता पितृपक्ष में कराएं मुंडन : महेंद्र भट्ट

## उत्तराखंड में महिला कांग्रेस नेत्रियों के मुंडन कराने पर छिड़ा घमासान अब गणेश गोदियाल के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दिया बयान

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में बहुचर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में उपजे सवालों के मुद्दे को लेकर सियासी मुहिम छेड़ चुकी कांग्रेस नेत्रियों के मुंडन कराने पर घमासान छिड़ा हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस की महिला नेताओं के मुंडन कराए जाने के मसले पर फिर एक बार विवादित बयान दिया है। महेंद्र भट्ट ने कहा है कि पितृपक्ष में मुंडन कराना अच्छी बात होती है। महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस के सभी नेताओं के मुंडन वाले बयान पर चुटकी लेते हुए कहा है कि पितृ पक्ष में अपने परिवार की सुख-शांति और भलाई के लिए भगवान को बाल दान किए जाते हैं। अगर कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी को भगवान मान कर, विकास करने वाला मानकर केश अर्पित करती हैं तो हम मानते हैं कि उन्हें अपने केश दान करने चाहिए। गौरतलब है कि अंकिता हत्याकांड की जांच को लेकर महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला द्वारा साथियों के साथ मुंडन करवाकर सरकार को चेतावनी देने के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच धार्मिक अपमान को लेकर आरोप प्रत्यारोपों का दौर जारी है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने हाल ही में एक बयान दिया। इसमें उन्होंने कहा कि अगर अंकिता के



हत्यारों को जल्द इंसाफ नहीं मिलता है तो महिला कांग्रेस नेताओं के बाद कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता भी मुंडन कराके अपना विरोध दर्ज कराएंगे। गणेश गोदियाल ने महेंद्र भट्ट के उस बयान पर भी पलटवार किया था जिसमें उन्होंने महिला कांग्रेस की नेताओं के जरिए मुंडन कराए जाने को सनातन का अपमान बताया था। गणेश गोदियाल ने कहा था कि महेंद्र भट्ट को सनातन की जानकारी ही नहीं है। यही नहीं, गणेश गोदियाल ने ऐलान किया था कि अगर अंकिता को जल्द न्याय नहीं मिला तो तमाम कांग्रेस कार्यकर्ता अपने बालों को मुंडवा कर उसे मुख्यमंत्री को भेजेंगे। गणेश गोदियाल के इस बयान पर अब भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा है कि, गणेश गोदियाल स्वरचित ज्ञान दे रहे हैं। उन्होंने महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि सनातन परंपरा में नारी सार्वजनिक रूप से मुंडन नहीं कराती हैं। ये नारी का अपमान है। द्रौपदी ने भी उनके बालों को छूने वालों की मृत्यु तक उन्हें ना बांधने की कमस खाई थी। वहीं गणेश गोदियाल के द्वारा सोनिया गांधी के पीएम पद की शपथ लेने की खबरों के बीच बीजेपी नेता सुषमा स्वराज के मुंडन कराने का जिक्र करने पर भी महेंद्र भट्ट ने प्रतिक्रिया दी है। महेंद्र भट्ट ने कहा है कि सुषमा स्वराज ने बाल कटवाने के बाद सन्यास लेने की बात कही थी। क्या कांग्रेस की महिला नेता भी सन्यास ले लेंगी ?

# लंदन पहुंचे धामी,प्रवासी भारतीयों ने किया स्वागत

देहरादून(उद संवाददाता)। चार दिवसीय ब्रिटेन दौरे के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को लंदन एयरपोर्ट पहुँचे, जहां देश और उत्तराखण्ड के प्रवासी भारतीयों ने उनका उत्तराखण्ड के पारंपरिक वाद्य यंत्रों के वादन एवं उत्तराखण्ड की



परम्परा के अनुसार गर्मजोशी से स्वागत किया। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का डेलिगेशन 29 सितंबर तक ब्रिटेन दौरे पर रहेगा। राज्य सरकार का डेलिगेशन लंदन और बर्मिंघम में दुनिया के बड़े बिजनेस हाउसेस के साथ बैठक करेगा और आगामी दिसंबर माह में होने वाले ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट के लिए न्योता देगा।

# महिलाओं को सीमित परिवार के प्रति किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला चिकित्सालय में आज विश्व गर्भ निरोधक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जनसंख्या वृद्धि रोकथाम हेतु महिलाओं को गर्भ निरोधक प्रयोग करने की जानकारी दी गई तथा आशा वर्कर्स को फील्ड में फैमिली प्लानिंग, दो बच्चों के बाद नसबंदी करने तथा एक बच्चे के बाद अस्थायी विधि जैसे कॉपर टी, अंतरा गर्भ निरोधक इंजैक्न,निरोध माला एन तथा छाया टेब लेने के लिए जागरूक किया गया। एएनएम दीपा जोशी के कहा कि वर्तमान परिवेश में हर व्यक्ति के लिए अपने परिवार को सीमित रखना बहुत आवश्यक हो गया है। जिसमें महिलाएं भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। उन्होंने बताया कि परिवार सीमित करने के लिए महिला पुरुष दोनों के लिए कई संसाधन मौजूद हैं। जिला सदुपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सीमित परिवार में ही सभी भलाई है। इस दौरान प्रीत पंत, कल्पना बिष्ट, सुयेब अहमद नीति आयोग से, कला भट्ट स्टाफ नर्स, भावना, जमवंती राय, नीलिमा, शिखा दास, लक्ष्मी, डा. अजयवीर आदि मौजूद थे।



# पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक को किया सम्मानित

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज ज्योली में चल रहे पांच दिवसीय आवासीय भारत स्काउट एवं गाइड शिविर के तृतीय सोपान कार्यक्रम में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मुख्य अतिथि के रुप में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा कर्नाटक को शाल ओढ़ाकर उनका सम्मान किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्री कर्नाटक एवं विद्यालय परिवार द्वारा दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया गयाअपने संबोधन में विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा कर्नाटक द्वारा इस शिविर में दिए गए भोजन व्यवस्था में सहायता के लिए उनका आभार व्यक्त कियाश्री कर्नाटक ने स्काउट गाइड की महत्ता पत्र प्रकाश डाला तथा बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी अम्बा दत्त बलोदी,पी टी ए अध्यक्ष तारा सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य खड़क सिंह बिष्ट, दिगम्बर दत्त फुलोरिया,एम सी भट्ट,एस आर टम्टा,विक्रम सिंह बिष्ट,अशोक पन्त,पूजा रानी,ज्योति पालनी,किरन पाण्डे,सोनू पाण्डे,सुशील बाराकोटी,विनोद पाण्डेय,प्रधानाचार्य गणेश सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।



# बालिका इंटर कॉलेज में ब्लाक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इण्टर कालेज गदरपुर में ब्लाक स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गदरपुर क्षेत्र के विधायक अरविन्द पाण्डे द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम की शुभारम्भ किया गया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत से मुख्यअतिथि का स्वागत किया गया। इसके वाद कार्यक्रम में राजकीय बालिका इण्टर कालेज, गदरपुर, राजकीय बालिका इण्टर कालेज, दिनेशपुर, राजकीय इण्टर कालेज, गदरपुर, राजकीय उ.मा. विद्यालय कूल्हा, राजकीय उ.मा. विद्यालय जगदीशपुर, राजकीय कन्या उन्माख हरिदासपुर, राजकीय इण्टर कालेज, जयनगर, राजकीय उ.मा. विद्यालय फतेहगंज, आदि विद्यालयों की छात्र / छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। समस्त प्रतिभागी छात्र/छात्राओं ने समूहगान, नाटक, वाद विवाद प्रतियोगिता प्रस्तुति दी। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी भाष्करानन्द पाण्डे, सुरेश प्रजापति, के.सी पाण्डेय, दीपक शर्मा, राजकुमुद पाठक, बंशीधर पाण्डे, श्रीमती सुनीता कश्यप, सुशील त्रिपाठी, रोशन लाल केवला शंकर तिवारी, कार्यक्रम की संयोजक श्रीमती अनामिका आजाद सुमनलता गंगवार, रश्मि आर्या, नीरू जोशी, नीतू नेगी, ताराजोशी, कुसुमलता, दीप्ती वर्मा, मिनती विश्वास, उर्वशी गंगवार, विनिता मैम, सुश्री सपना रानी, सुरभि प्रियंका ज्योति, गुडिया, दीपा मौर्या वंदना, अंजली रानी, शिवानी पपनेजा, निशा टम्टा, ललिता विष्ट, नीरजा वर्मा, नीमा गुरौ, कमलेश, नितेश कुमार शर्मा,डी.एस.रौतेला, मी० रोजादीन अली, देवमुन्नी संगीता, फूलमती, रश्मि आदि उपस्थिति रहें। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती नन्दिनी शर्मा ने किया। उसके पाश्चात प्रधानाचार्या डा. किरण बाला पाण्डेय द्वारा सभी का अभार व्यक्त किया गया।





# धूमधाम से मनाया स्वाभिमान केंद्र का स्थापना दिवस

देहरादून (उद संवाददाता)। सोमवार को गढ़ी कैंट में छावनी परिषद देहरादून द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के मनोरंजन एवं समय व्यतीत करने के लिए स्थापित स्वाभिमान केंद्र का 12वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने गढ़ी कैंट में आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार प्रदान करने के लिए स्थापित आयुर्वेदिक 'पंचकर्म' केंद्र का भी उद्घाटन किया। इस केंद्र की दीवारों में प्लास्टिक वेस्ट का प्रयोग किया गया है। राज्यपाल ने इस अभिनव पहल की सराहना की और कहा की इससे जहां वेस्ट प्लास्टिक का सदुपयोग किया जा सकेगा वहीं यह पर्यावरण अनुकुल भी है। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए 'अभ्यास केन्द्र' का भी उद्घाटन किया। यहां पर अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। यहां उन्हें एक शांतिपूर्ण और पढ़ाई हेतु सहायक वातावरण प्रदान किया गया है, जिससे वे पूरे ध्यान से अपनी तैयारी कर सकें। उन्होंने आयुर्वेद केंद्र और अभ्यास केंद्र खोलने के विचार की भी सराहना की और कहा की इन केंद्रों की शुरुआत से कई लोग लाभान्वित होंगे। राज्यपाल ने वरिष्ठ नागरिकों को फिटनेस, मनोरंजन क्षेत्र, पुस्तकालय, संगीत और जन्मदिन/ वर्षगांठ समारोह जैसी व्यापक सुविधाएं प्रदान करने के लिए छावनी परिषद देहरादून के प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों द्वारा जिस प्रकार उमंग और उत्साह के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वह दर्शाता है कि हमें हर पल खुश रहना चाहिए। खुश रहने के लिए किसी कारण पर निर्भर न होकर प्रत्येक स्थिति में प्रसन्न रहना जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवाओं को इससे सीख लेने की जरूरत है। स्वाभिमान केंद्र के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सांस्कृतिक संध्या में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसकी शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई और उसके बाद स्वागत गीत, समूह नृत्य, लघु नाटक आदि प्रस्तुत किए गए। सांस्कृतिक संध्या के कार्यक्रमों का उपस्थित लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, अध्यक्ष कैंट बोर्ड ब्रिगेडियर अनिर्बन दत्ता, सीईओ कैंट बोर्ड अभिनव कुमार सहित छावनी बोर्ड के समस्त सदस्य एवं स्वाभिमान केन्द्र के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।






# इंटरार्क मजदूरों के परिवार की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## समझौते का पालन नहीं होने पर गृह मंत्री को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इंटरार्क कंपनी सिडकुल पंतनगर एवं किच्छा में कार्यरत मजदूरों के परिवारों की महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी के माध्यम से केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन के माध्यम से उन्हें अवगत कराया कि इंटरार्क मजदूरों के वर्ष 2022 में चले जुझारू आंदोलन से उठी मांगों का निस्तारण कराने को तत्कालीन जिलाधिकारी द्वारा अपरजिलाधिकारी नजूल एवं प्रशासन जयभारत सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया था जिसके बाद लिखित रूप में त्रिपक्षीय समझौता हुआ था। जिसमें साफ साफ लिखा है कि समझौते के तहत काम पर बहाल किये गए 64 निलंबित मजदूरों में से जिन 34 मजदूरों की कंपनी द्वारा घरेलू जांच कराई जायेगी उन्हें जांच के दौरान एवं पश्चात नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जायेगा। किन्तु कंपनी द्वारा उक्त 34 मजदूरों में से 11 मजदूरों की एकतरफा घरेलू जांच कराकर उन्हें नौकरी से बर्खास्त कर जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए समझौते का उल्लंघन किया गया है । यही नही उक्त 34 मजदूरों में से शेष मजदूरों को भी उनकी मूल नियोजक कंपनी में समझौते के करीब 10 माह बाद भी कार्य पर बहाल न किया गया है ।समझौते के तहत उन्हें वेतन वृद्धि का लाभ भी नहीं दिया गया है ।विगत लंबे समय से इंटरार्क कंपनी के पीड़ित मजदूरों व उनके परिवारों की महिलाओं ने जिला प्रशासन व कुमाऊँ मंडल प्रशासन के समक्ष अनगिनत बार लिखित शिकायत की ।जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुवे उक्त समझौते को लागू कराकर सभी मजदूरों की समझौते के तहत कार्यबहाली कराने की प्रार्थना की गई ।किन्तु जिला उधमसिंह नगर व कुमाऊं मंडल में कुर्सी पर विराजमान आईएएस एवं आला अधिकारी जिला प्रशासन की मध्यस्थता में हुए लिखित समझौते को लागू नहीं करा पा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से चेतावनी दी गई कि यदि उक्त समझौते को लागू न कराया गया तो महिलाओं के नेतृत्व में 7 अक्टूबर को बुद्धपार्क निकट तिकोनिया ,हल्द्वानी में मजदूरों ,क्षेत्र की न्यायप्रिय जनता एवं सामाजिक संगठनों संग मिलकर जन न्याय सुनवाई कर निर्णय लिया जायेगा। और ततपश्चात सभी लोग महिलाओं के नेतृत्व में पदयात्रा निकालते हुए मानव सृंखला बनाते हुवे हल्द्वानी में आयोजित अन्न महोत्सव में उपस्थित केंद्रीय गृहमंत्री के सम्मुख उपस्थित होंगे। ज्ञापन देने वालों में सोनी, राजकुमारी, हेम, पुष्पा देवी, नीलम वर्मा, जोसना साहू, शोभा, उर्मिला, गुड़िया देवी, संगीता ,उमा देवी, गुड़िया देवी, विमला देवी, ललिता देवी, कांति देवी, चांदनी देवी, सिमुना सुनीता आदि शामिल थे ।



# प्रशासन ने रूकवाया नाबालिग का विवाह

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उपजिलाधिकारी सदर जयवर्द्धन शर्मा ने बताया कि बीते सोमवार 25 सितम्बर,को गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि गैराड़ गोल्ज्यू मंदिर में एक नाबालिग लड़के का विवाह किया जाना प्रस्तावित है। सूचना प्राप्त होने पर राजस्व विभाग, बाल विकास विभाग व पुलिस की सयुंक्त टीम मंदिर परिसर में विवाह कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व पहुँची। मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी अल्मोड़ा, चौकी प्रभारी एन डी टी व नायब तहसीलदार अल्मोड़ा भी पहुंचे। सयुंक्त टीम द्वारा दोनों परिवारों को समझाया गया तथा परिवारजनों को बाल विवाह संबंधित कानूनों के बारे में बताए जाने पर उनके द्वारा प्रस्तावित विवाह कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। साथ ही परिवारजनों को चेतावनी दी गयी कि विधिक आयु पूर्ण करने से पूर्व विवाह करने पर प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी। परिवारजनों व उपस्थित ग्रामवासियों को शपथ दिलवाई गयी कि वह बाल विवाह को किसी भी स्थिति में प्रोत्साहित नहीं करेंगे। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी द्वारा बाल विकास विभाग को क्षेत्रान्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम करवाने तथा मंदिर परिसर में बाल विवाह सम्बन्धित कानूनों की जानकारी प्रदर्शित करने वाली सूचना को चस्पा करवाने के निर्देश दिए। साथ ही मंदिर प्रबंधन को विवाह हेतु दोनों पक्षों के आयु प्रमाण प्राप्त करने पश्चात ही मंदिर परिसर विवाह हेतु उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आम जनमानस को बाल विवाह को प्रोत्साहन न किए जाने की अपील की तथा बाल विवाह सम्बन्धित जानकारी प्राप्त होने पर सूचना पुलिस, बाल विकास विभाग या प्रशासन को देने का अनुरोध किया है।

## पेज एक का शेष...

**लंदन में छा गये...** सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन के क्षेत्र में प्रदेश की प्रगति के बारे में भी अवगत कराया।उन्होंने कहा कि प्रवासियों को साल में एक बार अपने प्रदेश उत्तराखंड जरूर आना चाहिए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया भर में भारत का मान, सम्मान और स्वाभिमान बढ़ा है। आज भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। हाल में ही चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण और चंद्रमा पर सेफ लैंडिंग इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा समेत समेत बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के निवासी एवं प्रवासी भारतीय मौजूद रहे।

**हत्याकांड के खुलासे को....** जांच कर रही है। मृतक किन लोगों के साथ गया था इसके लिए सीसी टीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। घेराव करने वालों में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में डिबडिबा के प्रधान कन्हई मजूमदार, दुलीराम, गोपाल,सोनू कबीरा, गुरुचरण, शिव कुमार पाल, सुनील दास, पूजा, मोनिका, ममता, हरीश कोली, विपिन, उत्तम, संजय, लक्ष्मी,मोनू, मनोज कुमार, विनोद कुमार आदि मौजूद थे। कोतवाल विक्रम राठौर ने पीड़ित परिवार को आश्वासन दिया कि पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। हत्या में शामिल दोषी बख्शे नहीं जाएंगे।

**दबंगों ने युवक पर..** पर उतारू हो गए परन्तु आसपास के लोगों ने मामला शांत करा दिया। गोपी का कहना है 23 सितंबर को वह अपने घर के पास दोस्त से बात कर रहा था तभी विक्की सरकार, देवा एवं उसके अन्य सहयोगी ने उसके ऊपर लाठी डण्डों तथा सरिया आदि से हमला कर दिया। जिसमें उसे गंभीर चोटे आई है। बीच बचाव में पड़ोसी इन्द्रजीत सरकार को भी चोटे आई है। शोर होने पर सभी हमलावर धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने हमलावरों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# समिति की बैठक में गेहूं खरीद व गेहूं बीज बिक्री पर चर्चा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हलधर्बकृषक उत्पादक संगठन सहकारा समिति लि० भगवानपुर द्वारा जितेन्द्र प्रसाद पाण्डे की अध्यक्षता में वार्षिक आमसभा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे समिति के सीईओ आलोक कुमार दूबे ने समिति की प्रगत्ति रिपोर्ट एंवम् लेखा-जोखा विस्तार पूर्वक पढ़कर सुनाया। संस्था के किया कलापों के अन्तर्गत बीज उत्पादन एवम् किसानो से गेहूँ खरीद एवं इस वर्ष गेहूँ बीज की बिक्री की रणनीति पर चर्चा की। बैठक मे इफको के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी नीरज ने इफको के सभी उत्पाद के बारे मे बताया तथा समिति को इफको एमसी तथा इफको फर्टिलाइजर व दवाओ को उपलब्ध कराने के लिए कहा। जिससे समिति से जुड़े किसानो को आसानी से उपलब्ध हो सके। कार्यक्रम मे उपस्थित देग दीपक यादव राजकीय वरिष्ठ समन्यवक द्वारा समिति की प्रगति को देखते हुए समिति के किसानों हेतु समिति को ड्रोन उपब्बंध कराने का आसवासन दिया तथा समिति को आगामी सत्र मे बीज प्रोसेसिंग प्लांट लगाने हेतु प्रस्ताव पर बैठक में चर्चा करने को कहा। कार्यक्रम मे डा. पुनीत कुमार, आकाश राणा, यशोद मेहरा, मो. आफताब आलम, शुभम वैरागी, ज्ञान प्रभाग दूबे, ओम प्रकाश दुबे, अरविन्द प्रकाश दुबे, शिव शंकर वर्मा, कन्हैया प्रसाद गुप्ता, राजेश्वर सिंह, राकेश जोशी आदि उपस्थित रहे।


## NAME CHANGE

I HAVE CHANGED MY DAUGHTER NAME **AKSHRA** TO **AKSHARA JAIN** IN FUTURE SHE WILL BE KNOWN AS AKSHARA JAIN D/O AMIT JAIN. R/O 647-F NEAR COLAMBUS SCHOOL, **MODEL COLONY, RUDRAPUR, DISTT. UDHAM SINGH NAGAR, UTTARAKHAND**


# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

गदरपुर(उद संवाददाता)। शहरी विकास निदेशालय के 15 सितम्बर से दो अक्टूबर तक इंडियन स्वच्छता लीग अभियान का आयोजन किया गया। इसी के तहत सोमवार को पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस के निर्देश पर स्वच्छता अभियान के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य किरण पांडे के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया । जिसमें एआरएस /चिराग सर्विस द्वारा सफाई अभियान चलाते हुए कॉलेज परिसर की व्यापक सफाई करने के साथ परिसर में होगी घनी झाड़ियां को काटकर साफ किया गया । इस दौरान पर्यावरण मित्र अमन ,अनुराग, अंशुल, मिथुन, रोहित, राजकुमार एवं राहुल शामिल थे ।




## नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 11 में क्रमांक 150 पर गृहकर अभिलेखानुसार श्रीमती प्रेमा नगरकोटी पत्नी लाल सिंह का नाम अंकित है। जिसको उत्तरजीवी व पारिवारिक बंटवारे के आधार पर श्रीमती पुष्पा नगरकोटी पत्नी चन्दन सिंह नगरकोटी व भावना नगरकोटी पत्नी संजय सिंह नगरकोटी निवासी वार्ड नं-11 गदरपुर के नाम नामान्तरण होना है जिसकी पत्रावती प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण करने के लिये अनुरोध किया है जो गृहकर अभिलेखों में श्रीमती पुष्पा नगरकोटी पत्नी चन्दन सिंह नगरकोटी व भावना नगरकोटी पत्नी संजय सिंह नगरकोटी निवासी वार्ड नं-11 गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है।उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**



**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# नशे के इंजेक्शन और स्मैक के साथ तीन तस्कर किये गिरफ्तार

**रोडवेज परिचालक भी तस्करी में था शामिल**

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने 20 नशीले इंजेक्शन साथ बरेली डिपो के परिचालक सहित दो लोगों तथा कोतवाली पुलिस ने स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर रोडवेज बस को सीज कर दिया।। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान वन विभाग के बैरियर के सामने निकट इन्द्रानगर चेकपोस्ट गोला बाईपास रोड के पास एक युवक के कब्जे से 20 नशीले इंजेक्शन बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता दानिया उर्फ मंत्र पुत्र स्व. मसूर निवासी काबुल का बगीचा बनभूलपुरा बताया।नशीले इंजेक्शनों के परिवहन में संलिप्त उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बरेली डिपो की बस संख्या यूपी25 एफ



टी 4150 के परिचालक रंजीत कुमार पुत्र चन्द्रपाल शर्मा निवासी शहादत नगर जिला बरेली को गिरफ्तार कर बस को सीज कर दिया।पुलिस टीम ने थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, उनि मनोज यादव, उनि शंकर नयाल, का. मुन्ना सिंह व परवेज अली शामिल थे। वहीं कोतवाली पुलिस टीम द्वारा जैलविक होटल के सामने खंडहर रोड़ के पास धीरज जोशी पुत्र भुवन चंद्र निवासी सरस्वती विहार के कब्जे से 12 ग्राम स्मैक बरामद की। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी टीपी नगर पंकज जोशी, एएसआई राजेन्द्र मेहरा, का. नीरज, अनिल टम्टा व दिनेश नगरकोटी शामिल थे।

# शरदोत्सव मेला समिति का शिष्ट मंडल केन्द्रीय मंत्री भट्ट से मिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। 23 वॉं शरदोत्सव मेला हल्द्वानी में आगामी 3 नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है। आयोजक समिति के संस्थापक अध्यक्ष फिल्म निर्माता निर्देशक विक्की योगी के नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अजय भट्ट से मुलाकात कर मेले की जानकारी दी। योगी ने बताया कि दीपावली के त्यौहार से एक सप्ताह पहले शरदोत्सव मेला कार्यक्रम की धूम डॉ. भीमराव अम्बेडकर पार्क दमुवाढूंगा काठगोदाम में होगी। जिसमें भारत के विभिन्न प्रान्तों से आये कलाकारों व स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगें। उन्होंने बताया कि बॉलीवुड के चिरपरिचित कलाकार भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। बच्चों के मनोरंजन का भी विशेष ध्यान रखा गया है। समिति द्वारा मॉ बगलामुखी की महिमा पर आधारित स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। जिसका सम्पादन रमाकान्त पन्त व सह सम्पादन गिरीश चन्द्र चन्दोला कर रहे है। मानव विकास सेवा संस्थान द्वारा विगत 22 वर्षो से संस्कृति, पर्यटन फिल्म का प्रचार- प्रसार सांस्कृतिक संस्था एवं स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शासन प्रशासन व जनता के संयुक्त प्रयासों व सहयोग से किया जाता आ रहा है। विक्की योगी ने बताया कि शीघ्र जिलाधिकारी श्रीमती वन्दना, कुमाऊ कमिश्नर दीपक रावत व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्ट मण्डल मिलेगा और शरदोत्सव मेला की विस्तार पूर्वक जानकारी देगा।



# जुआ खेलते दो व्यक्ति गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान गल्ला मंडी में जुआ खेल रहे दो जुआरियों को हजारों की नगदी व ताश पत्तों सहित गिरफ्तार कर लिया। एसआई सन्दीप शर्मा, हेका. दीप चन्द्र, का. प्रवीण रावत व भवानी राम के साथ चैकिंग कर रहे थे। गल्ला मण्डी टिन शैड के नीचे चार व्यक्ति जुआ खेलते दिखाई दिये। पुलिस टीम ने 2 लोगों को पकड लिया व 2 लोग फरार हो गये। पकडे जाने वाले व्यक्तियों ने अपन नाम चन्द्र प्रकाश पुत्र पूरन लाल निवासी वार्ड 14 गली नंबर 5 इन्द्रा कालोनी व रिंकेश पाण्डे पुत्र रमेश चन्द्र निवासी बरागजेरा थाना मिलक रामपुर हाल निवासी सिंह कालोनी बताया। तलाशी लेने पर दोनों के पास व फड़ से कुल 2050 रूपये बरामद किये। पुलिस ने बरामद रूपये व ताश पत्ते कब्जे में लेकर दोनों जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# समाजसेवी व आढ़ती प्रेम मदान का निधन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।देवभूमि सामाजिक मंच के अध्यक्ष व आलू फल आढती एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष प्रेम मदान का मंडी स्थित अपनी आढ़त में हार्ट अटैक से निधन हो गया। जिसकी सूचना पर परिजनों सहित व्यापारियों में शोक की लहर फैल गई। स्वर्गीय प्रेम मदन होली ग्राउंड में आयोजित श्री गणेश उत्सव में हर वर्ष कमेटी सहित पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व करते थे और बीती 19 सितंबर को भी उनके द्वारा धूमधाम से पूरा कार्यक्रम आयोजित कर 23 सितंबर को समापन कराया गया था। वह मंडी में अपनी आढ़त आने के बाद कामकाज करने लगे। आढ़त में कार्य करने वाले कर्मचारी द्वारा बताया गया कि थकान महसूस होने पर वो अपने कार्यालय में आराम करने चले गए। कर्मचारी ने जब उनसे पूछा तो उनके द्वारा थोड़ी परेशानी होने की बात बताई गई। इस पर उनका कर्मचारी सीधे घर चला गया और उनके घर में जाकर पत्नी को जानकारी दी। पत्नी के मंडी पहुंचने पर जब उनमें हलचल नहीं हुई तो आसपास के लोग उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल



ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। स्वर्गीय प्रेम मदान बीते दिनों श्री गणेश उत्सव में उत्साह पुर्वक थिरक रहे थे। स्वर्गीय प्रेम मदन की उम्र 61 वर्ष थी। मंडी कारोबारी उन्होंने प्यार से प्रेम चाचा के नाम से पुकारते थे। उनके खुश मिजाज अंदाज से लोग काफी खुश रहते थे।देवभूमि सामाजिक मंच के सभी पदाधिकारी द्वारा उनके निधन पर शोक व्यक्ति किया गया। शोक व्यक्त करने वालों में अजय कृष्ण गोयल, राजकुमार आनंद, पवन गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, गणेश साहू, सुरेश वार्ष्णेय, विनोद वार्ष्णेय, हिमांशु वार्ष्णेय, राजकुमार केसरवानी, विजय गुप्ता, पंकज अग्रवाल, संदीप वार्ष्णेय शामिल हैं। वहीं आलू फल आढती एसोसिएशन और विभिन्न संगठनों द्वारा इस दु:खद घटना पर शोक व्यक्त किया गया। शोक व्यक्त करने वालो में आलू फल आढती एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश जोशी, जीवन सिंह कार्की, उर्वादत जोशी, नीरज प्रभात गर्ग, दीपक पाठक, दुर्गा दत्त तिवारी, जीवन सती, राजीव तिवारी, हरीश दुर्गपाल, योगेश कांडपाल, विकास ढैला, आशु ढैला, जगदीश बिनवाल, चंदन लोदियल, सुभाष जोशी, कृपाल मेहरा आदि उपस्थित थे। स्व. मदान का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उनकी उठावनी 28 सितम्बर को दोपहर 3 से 4 बजे धान मिल बरेली रोड में सुजुकी शोरूम के पास स्थित गुरूद्वारा में संपन्न होगी।

# अवैध खनन में डंपर सीज

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। वन अपराध नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत वन सुरक्षा दल ने उप खनिज रेता का अवैध अभिवहन करने पर डंपर को सीज कर दिया। प्रभागीय वनाधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी एवं उप प्रभागीय वनाधिकारी के दिशा निर्देशन में वन अपराध नियत्रंण हेतु चलाये जा



रहे अभियान में सुरक्षा दल ने किच्छा बरेली मार्ग पर गश्त के दौरान बिना रायल्टी के चोरी करके ले जा रहे डंपर संख्या यूपी22बीटी- 0832 को रूकने का इशारा किया तो टीम को देख कर वाहन चालक मार्ग के विपरीत वाहन को खड़ा करके भाग गया। वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में अवैध रेता लदा पाया गया। वाहन में रेता से संबंधित आवश्यक कोई भी वैध प्रपत्र नहीं मिले। जिस पर डंपर को सीज कर दियाग या। टीम में निर्मल रावत वन दरोगा , सोनू कुमार वन आरक्षी, नरेंद्र पाण्डेय वन आरक्षी, मौजूद थे।

गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

गुरू मां GURU MAA ENTERPRISES

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338